यीशु की जी उठी देह

पुनरुत्थान के साथ कई रहस्य जुड़े हुए हैं। एक छोटा सा रहस्य यीशु की जी उठी देह है।

पहले तो हमारे लिए यह समझना आवश्यक है कि यह *एक देह थी*। प्रेरित सब को बताना चाहते थे कि जी उठा प्रभु उनकी कल्पना की बात नहीं थी। उन्होंने कोई सपना या दर्शन नहीं देखा था और न ही उन्होंने किसी आत्मा या भूत को देखा था। जी उठने के बाद यीशु की देह थी, जिसे देखा जा सकता था (यूहन्ना 20:14, 20; प्रेरितों 10:40)। उसकी देह में ''हड्डी मांस'' था (लूका 24:39)। वह उस देह के साथ पृथ्वी पर चल सकता था (लूका 24:15) और उसे छुआ जा सकता था (मत्ती 28:9; लूका 24:39)। उसकी देह बात कर सकती थी (लूका 24:17) और खाना पचा सकती थी (लूका 24:41-43; प्रेरितों 10:41)। उसकी देह में क्रूस पर उसके अनुभव के घाव अभी भी थे (यूहन्ना 20:20, 25, 27)।

इसके साथ ही, यह एक *असामान्य* देह थी। जब चेले दरवाज़े बंद करके छिपे हुए थे, तो अचानक यीशु ''उनके बीच में'' आ गया था (यूहन्ना 20:19, 26)। इसका अर्थ यह है कि उसकी देह ठोस लकड़ी में से निकल सकती थी![1] होमेर हेली ने लिखा है:

> [यूहन्ना 20:19, 26 में] *बंद* शब्द *kleio* शब्द से लिया गया था, जिसका अर्थ ''बन्द, ताला, बन्द करना'' है (अर्ंट एण्ड गिंगरिक[2])। नये नियम में इस शब्द का सामान्य उपयोग किसी के बन्द होने और खुलने में असमर्थ होने का संकेत देता है, इसलिए ताला लगा या बन्द हुआ है (देखें मत्ती 25:10; लूका 11:7; प्रेरितों 21:30; प्रकाशितवाक्य 3:7, 8; 20:3; 21:25)। विवरण से कमरे में यीशु के अचानक प्रकट होने का संकेत मिलता है, जैसे वह दरवाज़े में से न आया हो।[3]

क्लियोपास और उसके मित्र द्वारा यीशु को पहचानते समय, ''वह उनकी आंखों से छिप गया'' (लूका 24:31)। जेम्स एफ़. कार्टर ने लिखा है, ''उसके पुनरुत्थान के बाद, यीशु की देह में वे गण और शक्तियां थीं, जो उसकी मृत्यु से पहले नहीं थीं या उनका इस्तेमाल नहीं किया था।''[4] दिए गए उदाहरणों के अलावा कार्टर ने जोड़ा है, ''निजी लोगों या समूहों को थोड़ी-थोड़ी देर के बाद दिखाई देने और फिर किसी और को दिखाई देने से पहले कई दिन तक अदृश्य रहने का उसका ढंग।''[5]

यह भी सम्भव है कि यीशु की देह अपना उद्देश्य पूरा कर लेने के बाद पहले से कुछ अलग दिखाई देती होगी।[6] मरकुस 16:12 के अनुसार, इमाउस के मार्ग पर जाने वाले दोनों लोगों को ''वह दूसरे रूप में ... दिखाई दिया।'' कुछ अनुवादों में ''एक और रूप में''

(RSV) है। न्यू सैंचुरी वर्ज़न में है कि ''वह पहले जैसा दिखाई नहीं देता था।'' न्यू लिविंग ट्रांसलेशन में है, ''उसने अपना रूप बदल लिया था।'' जो भी हो, मृत्यु से पहले यीशु को जानने वाले कुछ लोगों ने उसे जी उठने के बाद पहली बार नहीं पहचाना (लूका 24:16; यूहन्ना 20:14)।

कार्टर ने निष्कर्ष निकाला है कि ''इस [मसीह की जी उठी देह] में वह इस जीवन में पुरुषों तथा स्त्रियों वाली सीमाओं में नहीं था-जिसमें वह मृत्यु से पहले था।''[7] रॉबर्ट कल्वर ने लिखा है कि ''उसकी देह *eschatological*[8] सर्वदा जीवित रहने के लिए या यूं कहें कि महिमामय देह में परिवर्तित हो गई थी।''[9] कल्वर की शब्दावली फिलिप्पियों 3:21 से अलग हो सकती है, जो ''महिमा की देह'' की बात करता है। कार्टर मानता था कि ''[मसीह की जी उठी देह] के नये गुण और शक्तियां नि:संदेह उस देह के चिह्न हैं, जिन्हें पौलुस ने आत्मिक देह कहा था (1 कुरिन्थियों 15:44)।''[10]

यीशु की जी उठी देह तथा आत्मिक देहों में एक निकट सम्बन्ध है, जो जी उठने के बाद हमें मिलेगा। आत्मिक देह पर पौलुस की शिक्षा का संक्षिप्त विवरण है: मुर्दों में से जी उठकर हम देह रहित आत्माएं नहीं होंगे, बल्कि हमें नये शरीर दिए जाएंगे (देखें 2 कुरिन्थियों 4:16-5:4)।[11] 1 कुरिन्थियों 15 में पौलुस ने जी उठी देह का विवरण दिया है (देखें आयत 35)। नई ''आत्मिक'' देह किसी न किसी तरह पुरानी ''स्वाभाविक'' देह से सम्बन्धित होगी (आयतें 38-41)। बीज बोने के रूपक का इस्तेमाल करते हुए पौलुस ने लिखा है:

> मुर्दों का जी उठना भी ऐसा ही है। शरीर नाशवान दशा में बोया जाता है, और अविनाशी रूप में जी उठता है। वह अनादर के साथ बोया जाता है, और तेज़ के साथ जी उठता है; निर्बलता के साथ बोया जाता है; और सामर्थ के साथ जी उठता है। स्वाभाविक देह बोई जाती है, और आत्मिक देह जी उठती है: जबकि स्वाभाविक देह है, तो आत्मिक देह भी है (आयतें 42-44)

मसीह के वापस आने पर हमारी देहें ''बदल जाएंगी,'' चाहे हम मरे हुए हों या जीवित (आयतें 51-54)। तब हमें *अपनी* जी उठी देहें मिलेंगी।

हमें मिलने वाली आत्मिक देह और यीशु की जी उठी देह में समानता देखना कठिन नहीं है-परन्तु एक स्पष्ट अन्तर पर ध्यान देना आवश्यक है। यीशु ने ज़ोर देकर कहा कि उसकी जी उठी देह में ''हड्डी मांस'' था (लूका 24:39), परन्तु पौलुस ने लिखा है कि ''मांस और लहू परमेश्वर के राज्य के अधिकारी नहीं हो सकते'' (अर्थात, स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकते) (1 कुरिन्थियों 15:50)। हो सकता है कि यीशु ने ''हड्डी मांस'' शब्दों का इस्तेमाल केवल ''देह'' के अर्थ में किया हो।[12] यह भी हो सकता है कि चालीस दिन के दौरान मसीह द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली देह उसकी महिमा पाई हुई देह ही थी, जो इसलिए ली गई होगी, ताकि स्वर्ग पर अपने उठाए जाने के लिए अपने चेलों को तैयार करते समय पृथ्वी पर वह उनके साथ रह सके। ऐसा होने पर उसकी महिमा प्राप्त देह में अन्तिम

और सम्पूर्ण परिवर्तन अपने पिता के पास उसके उठाए जाने पर ही आए होंगे।[13]

यह कहने के बाद कि हम यीशु की जी उठी देह के बारे में क्या *जान* सकते हैं? यह एक *असामान्य* देह थी, और यह एक *वास्तविक* देह थी। हम विश्वास से जानते हैं कि वह *सचमुच* मुर्दों में से जी उठा था। यही बात मुख्य है।

टिप्पणियां

[1]कुछ लोगों का मत है कि यीशु ने दरवाज़ा खटखटाया और किसी ने उसे भीतर आने दिया। ऐसे पार्थिव प्रवेश से लूका 24:36, 37 की प्रतिक्रिया नहीं हो सकती थी। [2]हेले का हवाला वाल्टर बाउर, *ए ग्रीक इंग्लिश लैक्सिकन ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट एण्ड अदर अरली क्रिश्चियन लिटरेचर,* दूसरा संस्करण, संशो. विलियम एफ़. अर्ड्ट एण्ड एफ़. विलबर गिंगरिक (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ़ शिकागो प्रैस, 1957) है। [3]होमेर हेली, *दैट यू मेअ बिलीव: स्टडीज़ इन द गॉस्पल ऑफ़ जॉन* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1973), 145. [4]जॉन फ्रैंकलिन कार्टर, *ए लेमैन'स हारमनी ऑफ़ द गॉस्पल्स* (नैशविल्ले: ब्राडमैन प्रैस, 1961), 341. [5]वही। [6]कई बार, उसकी ईश्वरीयता में रूपांतर की तरह ''पारदर्शी।'' [7]कार्टर, 341. [8]''Eschatology'' ''अंतिम (*eschatos*) बातों का अध्ययन (*logos*)'' (अर्थात, संसार के अन्त, न्याय, स्वर्ग और नरक और उसके आगे का अध्ययन) है। ''एस्केटयोलॉजिकल'' शब्द से समाप्त होने का अर्थ ''से सम्बन्धित'' है। ''एस्केटयोलॉजिकल'' देह ऐसी देह है जो हमें मसीह की वापसी पर ''अन्त में'' मिलेगी। [9]रॉबर्ट डंकन कल्वर, *द लाइ़फ़ ऑफ़ क्राइस्ट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1976), 267. [10]कार्टर, 341.

[11]मुझे आत्मा और आत्मिक देह में अन्तर पता नहीं है, पर स्पष्टतया हमारी आत्माओं को पूर्ण रूप से काम करने और उनके अनन्तकालिक भविष्य को पूरा करने के लिए देहों के साथ ''ढके'' होना आवश्यक है। [12]लूका 24:39 में लिविंग बाइबल में कहा गया है, ''... मुझे छुओ और जानो कि मैं भूत नहीं हूं! क्योंकि भूतों में शरीर नहीं होता, जैसा कि तुम मुझ में देखते हो!'' [13]ऊपर उठाए जाने पर अधिक जानकारी के लिए इस पुस्तक में आगे ''अलविदा और स्वागत!'' और ''महिमा में ऊपर उठाया गया'' पाठ देखें।